Nai Dunia (Indore), 09th February 2022, Page - 02

कम ऊर्जा पर काम करने वाले सर्किट हो सकेंगे तैयार

इंदौर। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर को कम ऊर्जा पर चलने वाले उपकरण बनाने के लिए पेटेंट प्राप्त हुआ है। संस्थान के प्रोफेसरों ने डबल गेट टनल फील्ड इफेक्ट ट्रांजिस्टर तैयार किया है। संस्थान के प्रो. संतोष कुमार विश्वकर्मा और प्रो. विकास विजयवर्गीय ने इसे बनाया है। आइआइटी इंदौर अब तक 80 शोध पर पेटेंट लेने के लिए आवेदन कर चुका है और इसमें से 11 पेटेंट मिल चुके हैं।

प्रो. विकास विजयवर्गीय

प्रो. संतोष विश्वकर्मा



इसमें से तीन पेटेंट प्रो. विश्वकर्मा के नाम दर्ज हैं। इसके पहले मिले दो पेटेंट कंप्यूटर और अन्य उपकरणों के लिए आवश्यक मेमोरी पर काम करने के लिए मिले थे।

प्रो. विश्वकर्मा ने बताया कि अब सर्किट कम ऊर्जा पर भी चल सकेंगे। 40 वर्षों से सर्किट मासफेट सेमीकंडक्टर से बनाए जाते रहे हैं। इसमें ज्यादा ऊर्जा लगती है। हमने इसका दूसरा विकल्प तैयार किया है। टनल फील्ड इफेक्ट ट्रांजिस्टर बनने से 0.5 वोल्टेज से कम ऊर्जा की आपूर्ति होने पर भी सर्किट बेहतर प्रदर्शन कर सकेगा। भविष्य में तैयार होने वाले सर्किट में नए तरह के ट्रांजिस्टर लगाने से ऊर्जा की तो बचत होगी ही साथ ही कम जगह में सर्किट बनाए जा सकेंगे।